सिडबी भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

सिडबी के 16 मदन मोहन मालवीय मार्ग, लखनऊ- 226001 स्थित 14 आवासीय फ्लैटों में समस्त उपस्करों से युक्त स्टेनलेस स्टील ड्रैपरी रॉड्स (कर्टेन रॉड) सेट की आपूर्ति करना तथा लगाना

सिडबी द्वारा 16 मदन मोहन मालवीय मार्ग, लखनऊ-226001 स्थित अपने 14 आवासीय फ्लैटों में विस्टा, मैक, मार्वल आदि प्रतिष्ठित मेक वाले, समस्त उपस्करों से युक्त स्टेनलेस स्टील ड्रैपरी रॉड्स (कर्टेन रॉड) सेट की आपूर्ति करने तथा लगाने के लिए लखनऊ-स्थित अधिकृत डीलरों /वितरकों से सीलबंद दरें आमंत्रित की जाती हैं। डीलर/वितरक ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में से किसी एक में रु. 25 लाख से अधिक का वार्षिक बिक्री-स्तर प्राप्त किया हो। पूर्व-अर्हता मानदण्ड तथा निबन्धन व शर्तें क्रमशः **अनुबंध I** व **अनुबंध II** में दी गई हैं। निविदा दस्तावेज़ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16/05/2014 से 26/05/2014 तक किसी भी कार्य-दिवस में (शनिवार, रविवार और परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत घोषित छुट्टियों को छोड़कर) 10.00 बजे से 15.00 बजे के दौरान रु. 200/- (रुपये दो सौ मात्र) की अप्रतिदेय आवेदन राशि का भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं।

दरें दो अलग-अलग विन्डो-रहित लिफाफों में दो हिस्सों में नीचे उल्लिखित तरीके से प्रस्तुत की जानी चाहिएः

भाग-I (तकनीकी बोली) सीलबन्द लिफाफे में, जिसमें डीलर/ वितरक के संघटन, वार्षिक बिक्री टर्नओवर, आयकर निर्धारण, सेवा कर पंजीकरण, वैट /टिन सं., आपूर्ति की जानेवाली मद की तकनीकी विशिष्टताएं, **सामान्य निबन्धन व शर्तों आदि के विवरण तथा उनसे सम्बन्धित दस्तावेज़ी प्रमाण होने चाहिए। उक्त प्ररूप अनुबन्धII में दिया गया है। तकनीकी बोली का प्ररूप अनुबन्ध III व अनुबन्ध III के परिशिष्ट में दिया गया है। सभी पृष्ठों पर डीलर/वितरक के अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर होने चाहिए तथा डीलर/वितरक की आधिकारिक सील लगी होनी चाहिए।**

भाग- II (वित्तीय बोली) सीलबन्द लिफाफे में, जिसमें, समस्त उपस्करों से युक्त स्टेनलेस स्टील) ड्रैपरी रॉड्स (कर्टेन रॉड) सेट की आपूर्ति तथा लगवाई के लिए वित्तीय बोली (निर्धारित प्ररूप में) होनी चाहिए। **प्रस्तुत किए गए दस्तावेज़ों के सभी पृष्ठों पर डीलर /वितरक के अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर होने चाहिए तथा डीलर /वितरक की आधिकारिक सील लगी होनी चाहिए।** प्ररूप **अनुबन्ध IV** में संलग्न है। **सभी पृष्ठों पर डीलर /वितरक के अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर होने चाहिए तथा डीलर/वितरक की आधिकारिक सील लगी होनी चाहिए।**

बोलीकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे बोली देने से पहले साइट दौरा कर लें और उपलब्ध द्वारों /खिड़कियों के आकार तथा तत्सम्बन्धी अपेक्षित ड्रैपरी रॉडों के आकार के बारे में पुष्टि कर लें। बोलीकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि वे नमूनों के अनुसार सिडबी द्वारा अपेक्षित ड्रैपरी रॉडों के विषय में पुष्टि कर लें, जिनके नमूने सिडबी टावर, लखनऊ में स्थित उप महाप्रबन्धक (परिसर) के कक्ष में प्रदर्शित किए गए हैं। साइट 20/05/2014 तथा 21/05/2014 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

रु. 200/- (रुपये दो सौ मात्र) की अप्रतिदेय आवेदन राशि 'भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक' के पक्ष में आहरित और लखनऊ में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट /पे ऑर्डर/ बैंकर चेक के रूप में होनी चाहिए और भाग I (तकनीकी बोली) के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह केवल उन बोलीकर्ताओं पर लागू है जो सिडबी कार्यालय से बोली दस्तावेज़ क्रय नहीं करते।

रु. 10,000 /- (रुपये दस हजार मात्र) की बयाना जमानत राशि 'भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ' के पक्ष में आहरित और लखनऊ में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट /पे ऑर्डर / बैंकर चेक के रूप में होनी चाहिए और भाग I (तकनीकी बोली) के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए। असफल बोलीकर्ताओं की बयाना जमानत राशि सफल बोलीकर्ता द्वारा संविदा करार के निष्पादन के बाद, बिना किसी ब्याज के लौटा दी जाएगी।

प्रस्तुत की जानेवाली बोलियाँ 'उप महाप्रबन्धक (परिसर), परिसर वर्टिकल, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, सिडबी टावर, 15, अशोक मार्ग, लखनऊ 226001 ' को सम्बोधित होनी चाहिए और उन पर **'सिडबी के 16 मदन मोहन मालवीय मार्ग, लखनऊ- 226001 स्थित आवासीय फ्लैटों में ड्रैपरी रॉड्स (कर्टेन रॉड) सेट की आपूर्ति करना तथा लगाना'** अंकित होना चाहिए। बोलियाँ 26/05/2014 को अधिकतम 1500 बजे तक उन्हें प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित पद्धति से प्राप्त नहीं होनी वाली बोलियाँ स्वीकार नहीं की जाएँगी। तकनीकी बोली (भाग I) 26/05/2014 को 1600 बजे खोली जाएगी और इच्छुक पार्टियाँ बोली खोलने के समय उपस्थित रह सकती हैं। बैंक को किसी अथवा सभी बोलियों को बिना कोई कारण बताए स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार है।

उप महाप्रबन्धक (परिसर)
परिसर वर्टिकल
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
सिडबी टावर
15 अशोक मार्ग
लखनऊ 226001

अधिक विवरण के लिए देखें –www.sidbi.in